Seventeenth Loksabha

pan>

Title: Regarding Demand to operationalise two hospitals in Chitrakoot.

श्री आर. के. सिंह पटेल (बांदा): माननीय सभापति महोदय, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा के क्षेत्र में माननीय मोदी जी ने और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय योगी जी ने महत्वपूर्ण कार्य किए हैं।

मेरे जनपद चित्रकूट में केन्द्र सरकार द्वारा 200 शैय्या का मातृ एवं शिशु अस्पताल खोह में निर्मित कराया गया है। कोरोना काल के दौरान इस चिकित्सालय में कोरोना सेन्टर बनाया गया था। किन्तु वर्तमान में उक्त अस्पताल की उपयोगिता नहीं हो रही है। चित्रकूट जिले के साथ-साथ मेरे लोक सभा क्षेत्र बांदा में भी भारत सरकार और प्रदेश सरकार ने 300 शैय्या का एक चिकित्सालय तैयार कराया है।

मैं आपके माध्यम से मांग करना चाहता हूँ कि ये चिकित्सालय बनकर तैयार हैं। चित्रकूट एक पिछड़ा जिला है और यह आकांक्षी जिलों में भी शामिल है एवं बांदा भी बुंदेलखंड का एक पिछड़ा जिला है। इन दोनों चिकित्सालयों के भवन बनकर तैयार हैं। यहाँ पर उपकरण और स्टाफ की आवश्यकता है। इसे पूरा कराकर इनको चालू कराया जाए। मैं यह मांग करता हूँ।

बहुत-बहुत धन्यवाद।